आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 01.09.2026
समय 720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत के बनबसा में युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया– कहा, युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत।
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने खानपुर में जलभराव क्षेत्रों के प्रभावित बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा की।
- संयुक्त सचिव राधिका झा ने अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना में विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।
- और...मौसम विभाग का देहरादून तथा टिहरी में भारी से बहुत भारी का ऑरेंज अर्ल्ट।

<u>युवाओं से संवाद</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के बनबसा में आयोजित युवा संवाद एवं सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से सीधे संवाद किया और उनके प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, खेल, समाज सेवा, स्वरोजगार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्थानीय युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की करीब 65 प्रतिशत आबादी युवा है और यही युवा शक्ति 21वीं सदी में भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर युवा देश की दिशा और दशा बदल सकते हैं।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अल्मोड़ा, चमोली और पौड़ी में औद्योगिक पार्क स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा आयोग का गठन किया जा रहा है।

## समीक्षा

प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने खानपुर में जलभराव क्षेत्रों के प्रभावित बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जलभराव क्षेत्रों के प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और बाढ़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल भराव प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सिंचाई विभाग और संबंधित एजेंसियां संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करें। श्री महाराज ने कहा, "राज्य सरकार जल भराव क्षेत्रों के प्रभावित किसानों और ग्रामीणों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

## सड़क सुरक्षा

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें ब्लैक स्पॉट के सुधार, सड़क सुरक्षा ऑडिट और दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, सीमा सड़क संगठन और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को अभियान चलाकर संवेदनशील सड़क हिस्सों को 15 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। साथ राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों सहित प्रमुख मार्गों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने के लिए अधिकारियों को कहा गया। डीएम ने दुर्घटना में घायलों को गोल्डन ऑवर में बिना वित्तीय या प्रशासनिक बाधा के कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## धन–धान्य कृषि योजना

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव राधिका झा ने विकास भवन सभागार अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता सहित संबंधित विभागों की गतिविधियों, उपलब्धियों तथा कार्यों के क्रियान्वयन में सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई।

श्रीमती झा ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए जिले और क्षेत्रवार माइक्रोप्लानिंग कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जाए तथा उनके क्रियान्वयन की नियमित निगरानी की जाए।

मौसम

राज्य के अधिकांश जिलों को बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज राजधानी देहरादून और टिहरी में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है, जबकि अन्य जिलों में भी तेज बारिश के दौर का अनुमान जताया है। विभाग ने बारिश के साथ गरज–चमक और आकाशीय बिजली को लेकर भी चेतावनी जारी की है। भारी बारिश की संभावना को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने इस दौरान यात्रियों और आम लोगों से बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। साथ ही लोगों से मौसम की जानकारी के लिए मोबाइल में 'सचेत' ऐप डाउनलोड करने का आग्रह किया।

चेतावनी को देखते हुए आज देहरादून और टिहरी जिले के कक्षा 1 से 12वीं स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

नशा मुक्त अभियान

बागेश्वर जिले में बढ़ते नशे के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई और तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से अभियान को प्रभावी बनाने और नशे से जुड़े मामलों में सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी ने शराब की दुकानों और अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही शराब की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी करने और समय–समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच सुनिश्चित किए जाने को कहा।